Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding infiltration of Rohingyas in West Bengal.

डॉ. सुकान्त मजूमदार (बालूरघाट): सर, मैं राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूँ । पिछले कुछ सालों से हमारे पश्चिम बंगाल में जो घुसपैठ हो रही है, the person from the Rakhine state, जिसको कॉमनली हम लोग रोहिंग्याज़ बोलते हैं । प्रॉबलम यह है कि हमारे वहां पर जो राजनैतिक दल सत्ता में है, वह उनके वोट बैंक को अपीज़ करने के लिए उनके साथ खड़े हुए हैं । …(व्यवधान) उनको घर भी मुहैया कराए जा रहे हैं । …(व्यवधान)

बीएसएफ के डायरेक्टर जनरल ने ऑन द रिकॉर्ड्स बोला है कि West Bengal is slightly friendly for Rohingyas. हमारे राज्य के मुख्य मंत्री का दायित्व लोगों की सुरक्षा की देख-भाल करना है । …(व्यवधान) लेकिन वे कहते हैं कि रोहिंग्याज़ हमारे ब्रदर्स हैं । …(व्यवधान) साथ ही अगर अन्य राज्य का कोई मुख्य मंत्री पश्चिम बंगाल में जाता है, तो उनको परमिशन नहीं मिलती है कि वे पश्चिम बंगाल जाएं । …(व्यवधान) वहीं दूसरी जगहों से जब लोग आते हैं, तो उनको ब्रदर्स बोलते हैं और उनको वहां रख रहे हैं । …(व्यवधान) हमारी सुरक्षा के लिए बहुत चिंता की बात है । **…(व्यवधान)**

माननीय अध्यक्ष: डॉ. संजय जायसवाल, श्री निशिकान्त दुबे, डॉ. काकोली घोष दस्तीदार एवं श्रीमती प्रतिमा मण्डल को डॉ. सुकान्त मजूमदार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों के नाम आज शून्य काल में बोलने के लिए लाटरी में निकले थे, उन्हीं माननीय सदस्यों को अभी अवसर दिया गया है । जो अनुपस्थित रहे थे, उनको शाम को मौका दिया जाएगा ।

…(व्यवधान)

12.00 hrs